### कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

# मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है सड़कों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे - विधायक काश्यप

**रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन तक बनने वाले सीसी रोड़ के कार्य का समारोहपूर्वक भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया जा रहा है।**



मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने आश्वस्त किया है कि सड़क निर्माण के लिए रतलाम को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, करणधीर्य बड़गोत्या मंचासीन रहे। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रवास के दौरान फरवरी माह में शहर की सड़को के नव निर्माण हेतु 120 करोड़ की पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्रीजी ने सड़कों के कारण शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठाना पड़े इसलिए 2-3 वर्ष में ही पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूर्ण हो गया है, इसका लाभ शहरवासियों को जल्द ही देखने को मिलेगा। सीवरेज लाईन के कारण नालियों में सिर्फ बारिश का पानी ही रहेगा और वर्ष भर वे सूखी रहेगी। इससे बीमारियां भी खत्म होगी।

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम को महानगर बनाने के प्रयास हो रहे हैं। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। श्री काश्यप ने शहरवासियों से आयुष्मान भारत कार्ड एवं संबल कार्ड बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने, कोरोना महामारी से बचाव के लिए सभी शहरवासियों से टीकाकरण पूर्ण कराने का आह्वान करते हुए कहा कि पहली लहर में टीका नहीं था तो दूसरी लहर आई। यदि अब टीकाकरण हो गया तो तीसरी लहर पर विजय प्राप्त हो जाएगी।

भूमि पूजन समारोह में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव ने कहा कि हमे ऐसा नेतृत्व मिला है जो रतलाम को नगर से महानगर बनने की ओर ले जा रहा है। मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने कहा कि विधायक श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम के समग्र विकास की अवधारणा साकार हो रही है। पूर्व पार्षद पप्पु पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम का समूचा विकास हुआ है। उनके वार्ड में कोई कार्य शेष नहीं रहा है। कार्यक्रम के आरंभ में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख ने सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण के कार्य की लागत 46 लाख रुपए है। इसके करीब 17 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने इस मौके पर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के चौतरफा विकास के लिए विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार नारायण सांकला ने माना।

कार्यक्रम में मनीषा शर्मा, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदोरिया, देवशंकर पाण्डेय, सुशील सिलावट, पवन सोमानी, प्रकाश बंशीवाल, विनोद यादव, नितिन पांडे, विनोद आचार्य, जयेश वसावा, सुशील नागर, अभय जैन, संतोष तिवारी, बाबुलाल मालवीय, कमल गुप्ता, विवेक शर्मा, जयश्री राठौर, मीना टांक, निगम इंजीनियर एम.के. जैन, हितेष पंडित सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीगण उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार 13/11/21

इन्दौर समाचार
13/11/2021

# मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है सड़कों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे : विधायक चेतन्य काश्यप

13-11-21

## कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन तक बनने वाले सीसी रोड़ के कार्य का समारोह पूर्वक भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने आश्वस्त किया है कि सड़क निर्माण के लिए रतलाम को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगी। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, करणधीर्य बड़ोत्या मंचासीन रहे।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रवास के दौरान फरवरी माह में शहर की सड़को के नव निर्माण हेतु 120 करोड़ की पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्रीजी ने सड़कों के कारण शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठाना पड़े इसलिए 2-3 वर्ष में ही पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूर्ण हो गया है, इसका लाभ शहर वासियों को जल्द ही देखने को मिलेगा। सीवरेज लाईन के कारण नालियों में सिर्फ बारिश का पानी ही रहेगा और वर्ष भर वे सूखी रहेगी। इससे बीमारियां भी खत्म होगी।

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम को महानगर बनाने के प्रयास हो रहे हैं। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। श्री काश्यप ने शहर वासियों से आयुष्मान भारत कार्ड एवं संबल कार्ड बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव के लिए सभी शहरवासियों से टीकाकरण पूर्ण कराने का आह्वान करते हुए कहा कि पहली लहर में टीका नहीं था तो दूसरी लहर आई। यदि अब टीकाकरण हो गया तो तीसरी लहर पर विजय प्राप्त हो जाएगी।

भूमि पूजन समारोह में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव ने कहा कि हमे ऐसा नेतृत्व मिला है जो रतलाम को नगर से महानगर बनने की ओर ले जा रहा है। मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने कहा कि विधायक श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम के समग्र विकास की अवधारणा साकार हो रही है। पूर्व पार्षद पप्पु पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम का समूचा विकास हुआ है। उनके वार्ड में कोई कार्य शेष नहीं रहा है। कार्यक्रम के आरंभ में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख ने सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण के कार्य की लागत 46 लाख रुपए है। इसके करीब 17 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने इस मौके पर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के चौतरफा विकास के लिए विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार नारायण सांकला ने माना।

कार्यक्रम में मनीषा शर्मा, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदोरिया, देवशंकर पाण्डेय, सुशील सिलावट, पवन सोमानी, प्रकाश बंशीवाल, विनोद यादव, नितिन पांडे, विनोद आचार्य, जयेश वसावा, सुशील नागर, अभय जैन, संतोष तिवारी, बाबुलाल मालवीय, कमल गुप्ता, विवेक शर्मा, जयश्री राठौर, मीना टांक, निगम इंजीनियर एम.के. जैन, हितेष पंडित सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीगण उपस्थित थे।

दै. अवन्तिका 13/11/2021

## व्यापारिक, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन द्वारा बैठक आयोजित

# शहर को कोविड वैक्सीनेशन के दोनों डोज़ शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रदेश के पहले शहर का गौरव दिलाएं : काश्यप

### मांग करने पर विशेष वैक्सीन कैम्प आयोजित किए जाएंगे



प्रकाश न्यूज़ • रतलाम

13-11-21

विधायक चैतन्य काश्यप एवं कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शहरी क्षेत्र रतलाम के विभिन्न सर्राफा व्यवसाई संघ, किराना व्यवसाई संघ, ट्रांसपोर्ट व्यवसाई संघ, औषधि व्यवसाई संघ, पेट्रोल पंप व्यवसाई संघ तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक श्री काश्यप ने आह्वान किया कि सभी लोग जागरुकता के साथ वैक्सीन के दोनों डोज लगवाएं। रतलाम शहर को दोनों डोज शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रदेश के पहले शहर का गौरव दिलवाएं।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रतलाम शहर प्रथम डोज शत-प्रतिशत करने के साथ ही सेकेण्ड डोज भी शत-प्रतिशत के करीब आ गया है। शहर के नागरिक आगे आएं और शहर में शत-प्रतिशत दोनों डोज पूर्ण करवाएं, ताकि रतलाम दोनों डोज शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाला प्रदेश का प्रथम शहर बन सके। कलेक्टर ने बताया कि जो भी संगठन या मेरिज गार्डन संचालक या एसोसिएशन वैक्सीनेशन के लिए विशेष कैम्प की मांग करेंगे तो प्रशासन द्वारा आयोजित कर दिया जाएगा।

बशर्ते कम से कम 50 लोगों का वैक्सीनेशन होना हो। रतलाम शहर के प्रमुख बाजार में भी एक स्थायी वैक्सीनेशन कैम्प लगाया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम जिला मध्यप्रदेश में बेहतर वैक्सीनेशन वाले प्रथम 08 जिलों में सम्मिलित है। रतलाम शहरी क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत लोग कोविड-19 वैक्सीन का अपना दूसरा डोज़ पूर्ण कर चुके हैं । रतलाम शहर में आगामी 15 दिवस की अवधि में शत-प्रतिशत लोगों को कोविड का दूसरा टीका लगाया जाना सुनिश्चित करना है। इसके लिए उन्होंने सभी सामाजिक संस्थाओं के लोगों से सहयोग की अपील की।

शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने कहा कि रतलाम शहर में विगत दिनों कोविड का वैक्सीनेशन होने के कारण ही कोविड से लोगों का बचाव करने में मदद मिली है। 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का वैक्सीनेशन कराने से उनके बच्चों को भी सुरक्षा मिल सकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोविड-19 वैक्सीन प्रभावी और असरदार सिद्ध हुआ है, उन्होंने सभी लोगों से कोविड का दूसरा टीका लगवाने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि यदि किसी भी सामाजिक संस्था अथवा संगठन के लोग अपने क्षेत्र में 50 लोगों का टीकाकरण कराने का आश्वासन देते है तो ऐसी स्थिति में उनके बताए स्थान पर कोविड वैक्सीनेशन सत्र आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राशन दुकान, सैलून, सिनेमा हॉल, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय, जनरल स्टोर्स के संचालक अपनी दुकान पर कोविड-19 के दोनों डोज़ पूर्ण करने वाले लोगों को ही प्रवेश दिए जाने संबंधी फ्लेक्स लगाएं, ताकि लोग कोविड का दूसरा टीका लगवाने के लिए प्रेरित हो सके। सब्जी बेचने वाले व्यक्ति से सब्जी खरीदने वाले दोनों टीके लगवाने की जानकारी पूछें, उसके बाद ही सामग्री खरीदे।

इसी तरह शादी समारोह आयोजित करने वाले अपने अतिथियों से आग्रह करें कि वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने के पश्चात ही वैवाहिक समारोह में शामिल हों। इस अवसर पर गायत्री सिनेमा हॉल के संचालक श्री मोहित जैन ने कहा कि गायत्री सिनेमा हॉल में सोमवार 15 नवंबर से 10 दिन की अवधि तक टिकिट खरीदने वाले लोगों को कोविड-19 का दूसरा टीका लगवाने का प्रमाण पत्र दिखाने पर 10 प्रतिशत की ऑन स्पॉट छूट दी जाएगी। समाजसेवी श्री गोविंद काकानी ने कहा कि रतलाम शहर में वृद्धजन अथवा दिव्यांगजन यदि कोविड-19 का टीका लगवाना चाहे तो मोबा. नम्बर 93293 10044 तथा 1075 नंबर पर संपर्क करें, वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के लिए घर पहुंच वैक्सीनेशन संबंधी सेवा प्रदान की जाएगी।

बैठक के दौरान रतलाम शहर के कोविड-19 वैक्सीनेशन की प्रगति का प्रस्तुतीकरण एसडीएम अभिषेक गहलोत ने किया। बैठक के दौरान एडीएम एम.एल. आर्य, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ प्रभाकर ननावरे, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, झमक भरगट, श्री कृष्णकुमार सोनी, जय छजलानी, प्रवीण गुप्ता, ललित दख, प्रदीप छिपानी, सुरेन्द्र चत्तर, राधावल्लभ खण्डेलवाल, राजू पोरवाल, अनिल बाफना, विरेन्द्र श्रीमाल, चन्द्रकांत माण्डोत, सुरेशचंद्र भाटी, निलेश गांधी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं समाजसेवीजन उपस्थित रहे।

प्रकाश
13/11/2021

92 करोड़ की जमीन के बदले आरडीए को सौंपे थे तीन बड़े प्रोजेक्ट

# गोल्ड पार्क का सपना: आरडीए नहीं हाउसिंग बोर्ड करेगा अब रिडेंसिफिकेशन में निर्माण

पत्रिका

एक्सक्लूसिव

## शहर विधायक काश्यप की सीएम से मुलाकात के बाद लगी मुहर




सौरभ पाठक
patrika.com

**रतलाम.** देशभर में अपने सोने की चमक से चमकने वाले रतलाम के गोल्ड पार्क का सपना अब जल्द पूरा होने की आस फिर से जाग उठी है। रिडेंसिफिकेशन योजना के तहत बनने वाले गोल्ड पार्क की चमक अगले एक से दो माह में धरातल पर नजर आने लगेगी। योजना को गति देने के लिए यह काम अब रतलाम विकास प्राधिकरण से लेकर एमपी हाउसिंग बोर्ड को सौंप दिया गया है। गोल्ड पार्क को लेकर जिला अधिकार समिति की बैठक में प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है।

रिडेंसिफिकेशन के तहत जिस पहले प्रोजेक्ट की फाइल शासन के पास गई है, अब तक उसे ही स्वीकृति नहीं मिल सकी थी, जिसके चलते गोल्ड पार्क की चाल रूकी पड़ी थी लेकिन दो दिन पहले शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल जाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की जिसके बाद उनके द्वारा आरडीए के बजाए यह काम अब एमपी हाउसिंग बोर्ड से कराए जाने का निर्णय लिया गया और यह काम हाउसिंग बोर्ड को सौंप दिया गया। शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से सटी भूमि गोल्ड पार्क के लिए आवंटित है, जो कि करीब 92 करोड़ रुपए कीमत की है।

### जमीन के बदले करना था काम

गोल्ड पार्कके लिए आवंटित भूमि के बदले रतलाम विकास प्राधिकरण को प्रशासन को राशि नहीं चुकाना है बल्कि उसके बदले रतलाम में तीन बड़ी योजना के काम सौंपे गए थे, जिनमें एक जिला अस्पताल परिसर में 300 बेड का अस्पताल, दूसरा बंजली के समीप एक हजार सीट का ऑडिटोरियम और तीसरा अधिकारी और कर्मचारियों के जर्जर हुए क्वार्टरों का नए सिरे से निर्माण कार्य शामिल है।

### यह बाधा हुई दूर

रिडेंसिफिकेशन योजना के तहत जिला अस्पताल परिसर में 300 बेड का अस्पताल तैयार किया जाना है। अस्पताल प्रशासन की ओर से शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा है लेकिन स्वीकृति नहीं मिल सकी थी गोल्ड पार्क की सुविधा भी अटकी पड़ी थी लेकिन शहर विधायक के प्रयास के बाद अब यह बाधा भी दूर हो गई है। जल्द ही अब गोल्ड पार्क के लिए आगे की प्रक्रिया भी शुरू हो रही है। दरअसल इस पार्कका निर्माण पीपीपी मॉडल के तहत होना है।

### यह तीन बड़े काम करना है

- 300 बेड का अस्पताल जिला अस्पताल परिसर में
- 1000 सीट का ऑडिटोरियम बंजली के समीप
- ऑफिसर कॉलोनी और अंजता टॉकिज रोड कर्मचारियों के लिए नए क्वार्टर

### इस कारण से हाउसिंग बोर्ड को मिला काम

गोल्ड पार्क के लिए शासन से स्वीकृति के बाद आरडीए को इसकी ड्राइंग, डिजाइन और डीपीआर तैयार करना थी लेकिन रतलाम विकास प्राधिकरण की वर्तमान स्थिति के चलते यह काम हाउसिंग बोर्ड को देने का निर्णय लिया गया। दरअसल शासन स्तर से भी अब बड़े प्रोजेक्ट को एमपी हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में अब आगे की पूरी प्रक्रिया को हाउसिंग बोर्ड ही आगे बढ़ाएगा।

**3** - लाख वर्गफीट पर बहुमंजिला बनेगा गोल्ड पार्क

**2** - लाख वर्गफीट भूमि दी गई है

**300** से 400 - दुकानें रहेगी गोल्ड पार्कमें

**92** - करोड़ रुपए भूमि की लागत

### तीन लाख वर्गफीट पर होगा निर्माण

रतलाम में बनने वाले गोल्ड पार्कके लिए लगभग दो लाख वर्गफीट भूमि दी गई है। इस पर तीन लाख वर्गफीट पर बहुमंजिला गोल्ड पार्क आकार लेगा। इसमें 300 से 400 दुकानें रहेगी। इनमें से 50 से 60 प्रतिशत दुकानें गोल्ड पार्क के लिए आवंटित रहेगी और शेष बचे हिस्से की दुकानें शासन के निर्देशानुसार निर्माणकर्ता उन्हे अन्य कार्य के लिए दे सकेगा।

### हाउसिंग बोर्ड करेगा काम

जिला अधिकारी समिति की बैठक में गोल्ड पार्कका प्रस्ताव पास हो गया है। अब यह शासन के पास भेजा जाएगा। रिडेंसिफिकेशन योजना के तहत होने वाले कार्य पहले रतलाम विकास प्राधिकरण को करना थे लेकिन उनके पास अमला कम था और अब शासन के नियमों में बदलाव के चलते यह काम एमपी हाउसिंग बोर्ड को सौंपा गया है। आगामी कुछ महीनों में गोल्ड पार्कधरातल पर नजर आने लगेगा।

**चेतन्य काश्यप**, विधायक

13-11-21

पत्रिका 13/11/2021

### कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# सीएम ने किया आश्वस्त, सड़कों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे : काश्यप

रतलाम » दबंग रिपोर्टर 13-11

विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन तक बनने वाले सीसी रोड़ के कार्य का समारोहपूर्वक भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आश्वस्त किया है कि सड़क निर्माण के लिए रतलाम को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नीलेश गांधी, करणधीर्य बड़गोत्या मंचासीन रहे।




## 120 करोड़ रुपए की पंचवर्षीय योजना की थी प्रस्तुत

विधायक काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान फरवरी में शहर की सड़कों के नव निर्माण के लिए 120 करोड़ की पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्री ने सड़कों के कारण शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठाना पड़े, इसलिए 2-3 वर्ष में ही पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूर्ण हो गया है, इसका लाभ शहरवासियों को जल्द ही देखने को मिलेगा। सीवरेज लाइन के कारण नालियों में सिर्फ बारिश का पानी ही रहेगा और वर्ष भर ये सूखी रहेगी। इससे बीमारियां भी खत्म होगी। काश्यप ने कहा कि रतलाम को महानगर बनाने के प्रयास हो रहे हैं। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। काश्यप ने शहरवासियों से आयुष्मान भारत कार्ड एवं संबल कार्ड बनवाने का आग्रह किया।

## नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण

कार्यक्रम के आरंभ में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख ने सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसकी लागत 46 लाख रुपए है। 17 लाख की लागत से नाली निर्माण किया जाएगा। विधायक काश्यप ने क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के चौतरफा विकास के लिए विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मनीषा शर्मा, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदोरिया, देवशंकर पाण्डेय, सुशील सिलावट, पवन सोमानी, प्रकाश बंशीवाल, विनोद यादव, नितिन पांडे, विनोद आचार्य, जयेश वसावा, सुशील नागर, अभय जैन, संतोष तिवारी, बाबुलाल मालवीय, कमल गुप्ता, विवेक शर्मा, जयश्री राठौर, मीना टांक, निगम इंजीनियर एम.के. जैन, हितेष पंडित उपस्थित थे। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार नारायण सांखला ने माना।

# कस्तूरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 98264-86291

13-11-21

विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फोरलेन तक बनने वाले सीसी रोड़ के कार्य का समारोहपूर्वक भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने आश्वस्त किया है कि सड़क निर्माण के लिए रतलाम को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, करणधीर्य बड़गोत्या मंचासीन रहे।

## कार्यालय भवन का लोकार्पण

कार्यक्रम के आरंभ में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख ने सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण के कार्य की लागत 46 लाख रुपए है। इसके करीब 17 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने इस मौके पर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के चौतरफा विकास के लिए विधायक काश्यप का अभिनंदन किया गया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार नारायण सांकला ने माना। कार्यक्रम में मनीषा शर्मा, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदोरिया, देवशंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

पिपुल्स



# सीमेंट सड़क के लिए विधायक ने की पूजा

नवभारत 13-11-21

रतलाम, नप्र। कस्तूरबानगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड फोरलेन तक सीसी रोड बनना है। विधायक चेतन्य काश्यप ने पूजन कर सड़क बनाने का काम की शुरुआत की।

काश्यप ने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं बारिश की वजह से सड़के खराब हुई है, जिन्हें फिर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भरोसा दिलाया है कि सड़क के लिए रतलाम को भरपूर राशि मुहैया कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, करणधीर्य बड़गोत्या मंचासीन रहे।

मुख्यमंत्री के प्रवास दौरान फरवरी माह में शहर की सड़कों के नवनिर्माण के लिए 120 करोड़ की पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की थी लेकिन मुख्यमंत्री ने सड़कों के कारण शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठना पड़े इसलिए दो-तीन साल में ही पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। सीवरेज का काम पूरा हो गया है इसका लाभ भी जल्द मिलेगा।

नवभारत

13/11/2021



# विधायक काश्यप ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तूरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना
रोड फोरलेन तक बनने वाले सीसी रोड के कार्य का समारोहपूर्वक भूमिपूजन
कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना
की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया
जा रहा है। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रवास
के दौरान फरवरी माह में शहर की सड़कों के नवनिर्माण हेतु 120 करोड़ की
पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्रीजी ने सड़कों के कारण
शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठाना पड़े इसलिए 2-3 वर्ष में ही पर्याप्त
राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। संचालन मनोज शर्मा ने एवं
आभार नारायण सांकला ने माना।

### कस्तूरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है सड़कों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे: कश्यप

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड फोरलेन तक बनने वाले सीसी रोड के कार्य का समारोहपूर्वक भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सडकें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने आश्वस्त किया है कि सडक निर्माण के लिए रतलाम को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, करणधीर्य बडगोत्या मंचासीन रहे।



## जल्द ही मिलेगी राशि

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रवास के दौरान फरवरी माह में शहर की सड़कों के नव निर्माण हेतु 120 करोड की पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्रीजी ने सडकों के कारण शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठाना पडे इसलिए 2-3 वर्ष में ही पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूर्ण हो गया है, इसका लाभ शहरवासियों को जल्द ही देखने को मिलेगा। सीवरेज लाईन के कारण नालियों में सिर्फ बारिश का पानी ही रहेगा और वर्ष भर वे सूखी रहेगी। इससे बीमारियॉं भी खत्म होगी। श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम को महानगर बनाने के प्रयास हो रहे हैं। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की योजना से रोजगार के अवसर बढेंगे और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। श्री काश्यप ने शहरवासियों से आयुष्यमान भारत कार्ड एवं संबल कार्ड बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव के लिए सभी शहरवासियों से टीकाकरण पूर्ण कराने का आह्वान करते हुए कहा कि पहली लहर में टीका नहीं था तो दूसरी लहर आई। यदि अब टीकाकरण हो गया तो तीसरी लहर पर विजय प्राप्त हो जाएगी।

## रतलाम का समूचा विकास हुआ

भूमि पूजन समारोह में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव ने कहा कि हमे ऐसा नेतृत्व मिला है जो रतलाम को नगर से महानगर बनने की ओर ले जा रहा है। मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने कहा कि विधायक श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम के समग्र विकास की अवधारणा साकार हो रही है। पूर्व पार्षद पप्पु पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम का समूचा विकास हुआ है। उनके वार्ड में कोई कार्य शेष नही रहा है। कार्यक्रम के आरंभ में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख ने सडक निर्माण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सडक निर्माण के कार्य की लागत 46 लाख रुपए है। इसके करीब 17 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने इस मौके पर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के चौतरफा विकास के लिए विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार नारायण सांकला ने माना।

राजकछेल 13

राजकछेल
17/11/2021

# कनेरी रोड पर दो और अवैध कॉलोनियों में तोड़े निर्माण

## आज धोलावड़ रोड पर हो सकती है कार्रवाई, अवैध निर्माण करने वालों में मचा हड़कंप

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कृषि भूमि को छोटे-छोटे भूखंड के रूप में बेचकर अवैध कालोनी निर्माण को लेकर नगर निगम द्वारा शुरू की गई कार्रवाई जारी है। गुरुवार को कनेरी रोड स्थित कॉलोनी पर राजस्व, नगर निगम के अमले ने कार्रवाई कर तीन काटेज, एक शेड व खेती की भूमि पर बनी सीसी रोड तोड़ी थी तो शुक्रवार को कनेरी रोड पर ही आगे दो कॉलोनियों में बाउंड्रीवाल, सीसी रोड व अन्य निर्माण तोड़े गए।



कनेरी रोड पर अवैध् कॉलोनी की सीमेंट-कंक्रीट रोड तोड़ी गई। •नईदुनिया

नगर निगम इनके कॉलोनाइजरों के विरुद्ध नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) में कारावास व अर्थदंड के लिए एफआइआर भी कराई जाएगी। शनिवार को धोलावड़ रोड पर स्थित दो अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई हो सकती है। निगम से इन्हें पहले नोटिस जारी किए जा चुके हैं। शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे नगर निगम, पुलिस व राजस्व विभाग का अमला कनेरी रोड पर धन्नालाल पाटीदार पुत्र बालाराम पाटीदार व अन्य द्वारा सर्वे क्रमांक 736/21/1/2 की भूमि पर पहुंचा। यहां 0.96 हेक्टेयर भूमि पर करीब 100 मीटर सीसी रोड, प्लाट पर बाउंड्रीवाल, 200 मीटर की सीवर लाइन डली हुई पाई गई। इस निर्माण को दो पोकलेन, एक जेसीबी व एक डंपर की सहायता से तोड़ा गया। इस दौरान भूमि स्वामी पाटीदार व अन्य लोगों ने दस्तावेज दिखाकर सबकुछ वैध होने का दावा कर मौके पर खेती करना भी बताया। कॉलोनी में कुछ जगह पौधे भी लगा दिए गए थे। कार्रवाई के दौरान निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

**खेती की जमीन बताकर बना दी थी सड़क**

कनेरी रोड पर दूसरी कालोनी में राधाबाई पत्नी मनोहर शर्मा, राकेश पुत्र मनोहर, विशाल पुत्र मनोहर व अन्य 17 लोगों द्वारा सर्वे क्रमांक 872/2 रकबा 2.75 हेक्टर भूमि पर बाउंड्रीवाल व छह स्ट्रीट लाइट पोल तथा सीवर लाइन डाल व 500 मीटर की सीसी रोड बना दी गई थी। कार्रवाई के दौरान यहां भी भूमि स्वामियों की ओर से आपत्ति जताई गई, लेकिन अवैध कालोनी निर्माण मानते हुए निगम अमले ने मौके पर सभी निर्माण तोड़ दिए गए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**सरकारी जमीन पर भी कर रहे कब्जा**

करमदी व कनेरी रोड पर गत दो वर्षों में काटेज के नाम पर 5500 वर्गफीट या इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंड काटकर काटेज के नाम पर सर्वाधिक कालोनियां विकसित् की गई हैं। इसमें कुछ कॉलोनियों में तो आगे के रास्ते से लगी 20 से 25 हजार वर्गफीट भूमि भी शामिल कर ली गई। राजस्व विभाग के निचले स्तर के अमले को इसकी जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई।

13-11-21

### अवैध कालोनियों में तोड़फोड़ से पहले दें नियमितिकरण का मौका

रतलाम। अवैध कॉलोनियों एवं निर्माण तोड़े जाने को लेकर विधायक चेतन्य काश्यप ने पहले कम्पाउंडिग व नियमितीकरण का मौका देने की बात कलेक्टर से कही है। उन्होंने कलेक्टर से चर्चा में कहा कि अवैध कालोनियों में अनावश्यक तोड़फोड़ से पहले यदि नियमितीकरण एवं कम्पाउंडिंग की संभावना हो तो शासन की मंशा अनुसार एक अवसर देना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी के साथ प्रापर्टी व्यवसायियों ने विधायक काश्यप से मुलाकात कर में चर्चा की थी। काश्यप ने कलेक्टर से कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूखंड खरीदने वाले लोगों के हितों पर ध्यान दें व अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाए।

नईदुनिया 13/11/21

---

**6 घंटे की कार्रवाई में बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड तोड़ा**

# दो पोकलेन, चार जेसीबी का उपयोग, तोड़ दी दो अवैध कॉलोनी



रतलाम @ पत्रिका. शहर में कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम की सख्ती के बाद नगर निगम ने अवैध कॉलोनाईजरों के खिलाफ जो मोर्चा खोला वो जारी है। गुरुवार को कनेरी रोड पर एक कॉलोनी में कार्रवाई के बाद शुक्रवार को इसी क्षेत्र में दो अवैध कॉलोनी में बड़ी कार्रवाई कर दी। करीब 6 घंटे में निगम ने संसाधन बढ़ाकर अवैध कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, बिजली के पोल तोड़ दिए।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, ... व्यास, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी सहित राजस्व विभाग का अमला, पुलिस आदि दल बल के साथ सुबह 11.30 बजे सबसे पहले कनेरी रोड स्थित राधा बाई व अन्य दो के नाम से बनी अवैध कॉलोनी में पहुंचे। यहां पर सीसी रोड, बिजली के पोल व बाउंड्रीवॉल को उखाड़ तोड़ दिया। करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली कार्रवाई के बाद अमला इसी क्षेत्र में धन्नालाल नाम के व्यक्ति द्वारा बनाई गई अवैध कॉलोनी में पहुंचा। यहां पर अमले ने कॉलोनी की सीसी रोड को जेसीबी की सहायता से उखाड़ दिया। इतना ही नहीं पोकलेन मशीन से बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया। दो कॉलोनी में मिलकर करीब 3 हेक्टेयर भूमि पर से निगम ने अतिक्रमण को हटाया।

नगर निगम ने शुक्रवार को कनेरी रोड से दो और अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की है। इस दौरान तीन हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। इसके अलावा निगम द्वारा की गई कार्रवाई में हुए व्यय का दंड वसूलने का नोटिस जारी किया गया है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

13-11-21

पत्रिका 13/11/21

13-11-21

# व्यापम का विरोध किया एवं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज के बैनर तले राज्य सरकार से मांग की गई है कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती को व्यापम की गाइड लाइन से दूर रखकर बिना शर्त सफाई कर्मचारी को स्थाई किया जाए, क्योंकि सफाई कर्मचारियों ने कोरोना काल में अपने राज्य के लिए अपने जीवन का बलिदान तक दिया है, व समय-समय पर सफाई कामगारों ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के आदेशों का पालन निरंतर किया ज़ा रहा है व अपना अधिकतर जीवन स्वच्छता अभियान में कार्य करते हुए लगा दिया। वह अपने राज्य सरकार की आन-बान- शान के लिए सीवरेज जैसी जानलेवा लाइन में उतर कर कहीं चेंबर खोलते हुए अपने प्राणों की जान दी। ऐसे जांबाज सफाई कामगारों को बिना शर्त स्थाई किया जाए।




इस ज्ञापन के अवसर पर युवजन समाज के जिला अध्यक्ष अमर चौहान, जिला उपाध्यक्ष यशवंत फतरोड, ब्लॉक अध्यक्ष अनु चनाल, ज्ञान गुरु, रवि चनाल, राकेश खंडीगीर, जिला मीडिया प्रभारी आकाश खरे, जिला महामंत्री राजेश गौरण, ब्लॉक उपाध्यक्ष वीरेंद्र नरवाले, भाइयों करोसीया, राजू लोट, शुभम चनाल, विशाल घोसर, मोनू गौसर, नरेंद्र खरे, अजय चौहान, देवा खरे, अनिल गोसर, अरुण चनाल, चेतन राठौड़, निर्मल धूलिया, दिनेश करोसिया, जितेन गवरी, दुष्यंत चेतन चौहान, सनी खंडीगिर, आशीष खंडीगीर, अवतार चावरे, जगदीश सोलंकी, शुभम चनाल, साहिल सारवान आदि नियोजन के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर ज्ञापन को सफल बनाया।

प्रसारण

13/11/2021



# युवजन समान ने दिया ज्ञापन, व्यापम भर्ती का विरोध किया

रतलाम। व्यापाम द्वारा चतुर्थ श्रेणी सफाई कामगारों की भर्ती के आदेश का विरोध करते हुए अखिल भारतीय अनूसूचित जाति युवजन समाज रतलाम द्वारा प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टोरेट में ज्ञापन दिया गया।

युवजन समाज का कहना है कि जो चतुर्थ श्श्रेणी सफाई कामगार 20-20 सालों से अपना सफाई कार्य करते आ रहे है ऐसे कर्मचारियों पर व्यापम का कोनसा भी नियम लागू नही किया जाए व प्रत्येक सफाई कामगारों को बिना शर्त स्थाई किया जाए व उन सफाई कामगारों के साथ जिन्होने कोरोना काल में डेंगू काल में व हर बार विपदा के समय अपने राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी है तो राज्य सरकार से मांग है कि हमारे सफाई कामगारों के साथ किसी भी तरह की नाइंसाफी नही की जाए अन्यथा की दिशा में न्याय या उँचित कार्रवाई नही होने पर यूवजन समाज पूरे देश में सफाई कामगार को न्याय दिलाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन करेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी राज्य सरकार की रहेगी। इस अवसर पर युवजन समाज के जिलाध्यक्ष अमर चौहान, जिला उपाध्यक्ष यशवंत फतरोड, ब्लॉक अध्यक्ष अनु चनाल, ज्ञान गुरु, रवि चनाल, राकेश खंडीगीर, जिला मीडिया प्रभारी आकाश खरे, जिला महामंत्री राजेश गौरण, ब्लॉक उपाध्यक्ष वीरेंद्र नरवाले, भाइयों करोसीया, राजू लोट, शुभम चनाल, विशाल घोसर, मोनू गौसर, नरेंद्र खरे, अजय चौहान, देवा खरे, अनिल गोसर, अरुण चनाल, चेतन राठौड़, निर्मल धूलिया, दिनेश करोसिया, जितेंन गवरी, दुष्यंत चेतन चौहान, सनी खंडीगिर, आशीष खंडीगीर, अवतार चावरे, जगदीश सोलंकी, शुभम चनाल, साहिल सारवान उपस्थित थे। 13/11/21

13/11/21

# विरोध में सफाईकर्मी उतरे सड़क पर



रतलाम. सफाई कर्मचारियों की भर्ती को व्यापमं की गाइड लाइन से दूर रखते हुए बिना शर्त उन्हे नियमित किए जाए। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज ने अपनी इसी मांग को लेकर और शासन द्वारा व्यापम के माध्यम से भर्ती का विरोध किया है। इसे लेकर उनके द्वारा शुक्रवार को प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया है। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज के बैनर तले राज्य सरकार से मांग की गई है कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती को व्यापम की गाइड लाइन से दूर रख जाए। इतना ही नहीं बिना किसी शर्त के सफाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए क्योंकि सफाई कर्मचारियों ने कोरोना काल में अपने राज्य के लिए अपने जीवन का बलिदान तक दिया है। वहीं समय-समय पर सफाई कामगारों द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों के आदेशों का पालन लगातार किया जा रहा है। युवजन समाज के जिला अध्यक्ष अमर चौहान, उपाध्यक्ष यशवंत फतरोड, ब्लॉक अध्यक्ष अनु चनाल, ज्ञान गुरु, रवि चनाल, राकेश खंडीगीर, आकाश खरे आदि नियोजन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पत्रिका 13/11/2021

## सीधी भर्ती के लिए निकायों ने नहीं भेजी पदों की जानकारी

भोपाल। नगरीय निकायों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों की जानकारी न भेजने पर नगरीय प्रशासन संचालनालय ने मैदानी अधिकारियों को स्मरण पत्र लिखा है। इन्हें तीन दिन में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। संचालनालय ने मार्च और अक्टूबर 2021 में यह जानकारी मांगी थी। प्रदेशभर में नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के 21 हजार से ज्यादा पद रिक्त होने का अनुमान है। - ब्यूरो भास्कर

भास्कर 13/11/21

# वैक्नीसेशन इफेक्ट : शादी में वही जाए जिन्होंने दोनों टीके लगाएं हैं !

13-11-21

प्रसारण न्यूज • रतलाम



कोविड वैक्सनीनेशन के मामले में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के लिए आज भी कलेक्टर कार्यालय में जाजम जमी और वहां तय किया गया कि अब जनता के माध्यम से ही जनता को जागरुक कर रतलाम को शत-प्रतिशत टीकाकरण वाला शहर व जिला बनाया जाएं।

जानकारों की माने तो वैक्सीनेशन के लिए प्रशासनिक अफसरों को तैयारी सख्ती की थी, मगर नगर विधायक के हस्तक्षेप से मामला सामान्य हो गया। विधायक का कहन था कि अभी हमारे पास एक माह का समय है, ऐसे में जनता को भी टीके के लिए समय दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि अगर रतलाम वैक्सीनेशन के मामले में प्रदेश में नम्बर -1 बनता है, तो यह हमारे लिए गौरव की बात है।

इस बैठक में व्यापारी संगठन और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। यहां मौजूद टाकीज संचालक ने कहा कि अगर कोई दर्शक टीके के दोनों डोज लगाने का प्रमाण पत्र दिखाता है, तो उसे टिकिट में कुछ प्रतिशत छूट भी दी जाएगी।

बैठक में तय किया गया कि जिन दुकान संस्थानों पर ज्यादा भीड़ होती है, वहां के कर्मचारियों की सैंपलिंग कराए जाए। इसी के साथ ही वहां फ्लेक्स या बैनर लगाया जाए कि हमारे संस्थान के सभी कर्मचारियों ने टीके लगवा लिए है। इसी के साथ ही शादी ब्याह करने वाले भी अपने यहां आने वालों से आव्हान करें कि कोविड से बचाने वाले दोनों टीके लगवाए।

बताया जाता है कि रतलाम रतलाम में 75 प्रतिशत टीके लगाए जा चुके है। 32 हजार टीके और लगना है और प्रशासन चाहता है कि इस टारगेट को सप्ताह-15 दिन में पूरा कर लिया जाए। इसे लेकर पूरी रणनीति तैयार की जा रही है। इसके साथ ही हर व्यापार से जुड़े व्यापारी से आव्हान किया गया है कि वो अपने स्तर से टीकाकरण का प्रचार-प्रसार कर जनता को टीके का दूसरा डोज लगाने के लिए प्रेरित करें और जिन्होंने अब तक दोनों टीके भी नहीं लगवाए है, उन्हें भी प्रेरित कर टीके का लाभ दें।

13/11/2021

## डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

13-11-21

**रतलाम।** कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाषक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में दवा का छिड़काव

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाषक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

# अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाए जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही

**रतलाम।** शहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड़, सागोद रोड़, महू रोड़, स्टेशन रोडड सहित अन्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाए जाने पर उन्हें तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दलों के द्वारा प्रारंभ की जा रही है, साथ ही संबधितों से 15 हजार रूपए प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाएगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देशित किया है शहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाए जाने पर तोड़ने की कार्यवाही प्रतिदिन की जाए व संबधितों से 15 हजार रूपए प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाए। नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है, नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें।

13-11-21 स्वदेश

प्रकाश
13/11/2021

# अनुमति के बिना निर्माण प्रारंभ पाये जाने निगम करेगा कार्यवाही

रतलाम। शहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबधितों से 15 हजार रूपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जायेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देशित किया है शहर की मुख्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर तोड़ने की कार्यवाही प्रतिदिन की जाये व संबधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाये।

13-11-21

इन्दौर समाचार
13/11/2021

# मेगा क्रेडिट आउटरीच कैम्प : सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एमवी राव कल रतलाम आएंगे



रतलाम (आरएनएन)। डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विसेस भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के तत्वाधान में जिले के अग्रणी बैंक सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के द्वारा मेगा क्रेडिट आउटरीच कैम्प का आयोजन आज 13 नवंबर को प्रात ११ बजे विधायक सभा गृह सैलाना रोड बड़बड़ पर किया जा रहा है। जिसमें विशेष अतिथि के रुप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एम वी राव एवं आंचलिक कार्यालय भोपाल के फील्ड महाप्रबंधक एस डी माहुरकर साहब उपस्थित रहेंगे। इस कैंप में रतलाम जिले में स्थित समस्त सरकारी एवं निजी बैंकों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

13/11/2021

# मेगा क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम बरबड़ विधायक सभागृह पर आज

रतलाम। डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विसेस भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के तत्वाधान में जिले के अग्रणी बैंक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा क्रेडिट आउटरीच कैम्प का आयोजन 13 नवंबर शनिवार को प्रात: 12 बजे विधायक सभागृह बरबड पर किया जा रहा है जिसमे मुख्य अतिथि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, विशेष अतिथि विधायक चैतन्य काश्यप, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एम.वी. राव एवं आंचलिक कार्यालय भोपाल के फील्ड महाप्रबंधक एस.डी. माहुरकर, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी रहेंगे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सेन्ट्रल बैंक के रिजनल मैनेजर रामकृष्ण नायक भी उपस्थित रहेंगे। कैंप में जिले में स्थित समस्त सरकारी एवं निजी बैंकों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। उक्त जानकारी जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने दी।

13/11/2021

**कार्रवाई** • तीन बार में अब तक शहर की आठ अवैध कॉलोनियां तोड़ीं, अब बाकी सात पर एक्शन की तैयारी

# कनेरी रोड की दो अवैध कॉलोनियों व बाउंड्रीवॉल पर चलाया बुलडोजर, अब धोलावड़ रोड की बारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अवैध कॉलोनियों काटकर कमाई करने वाले भूमाफिया कॉलोनाइजर पर सरकारी शिकंजा सकता जा रहा है। अब धोलावड़ रोड पर बिना परमिशन काटी जा रही अवैध कॉलोनियों की बारी है। शुक्रवार को जिन दो कॉलोनियों पर कार्रवाई हुई, वहां जमीन मालिक से कॉलोनाइजर बन चुके भूमाफिया ने सीमेंट कांक्रीट सड़क, बाउंड्रीवॉल, बिजली सहित अन्य कच्चा-पक्का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम अमले की जेसीबी ने राजस्व और पुलिस की मौजूदगी में सब कुछ तोड़ दिया। शहर की 15 अवैध कॉलोनियों में से आठ के खिलाफ एक्शन ले चुके हैं। बारी बाकी सात कॉलोनियों पर बुलडोजर चलेगा। शुक्रवार की कार्रवाई सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, इंजीनियर बृजेश कुशवाह, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## शहर में कहां-कितनी अवैध कॉलोनियों पर चलेगा बुलडोजर

| | |
|---|---|
| कनेरी रोड | 3 |
| धोलावड़ रोड | 5 |
| गुलाबशाह रोड | 2 |
| अशोक नगर | 4 |
| विरियाखेड़ी | 4 |
| बजरंग नगर | 1 |

**शुक्रवार को कनेरी रोड की इन दो जमीन से हटाया अतिक्रमण**



कनेरी रोड पर सर्वे नंबर 863/1 पर बनी अवैध कॉलोनी की सड़क उखाड़ी गई।

### पहली कार्रवाई : बाउंड्रीवॉल बना रखी थी

**सर्वे नंबर** - 736/21/1/2, **रकबा** - 0.960 हेक्टेयर
**जमीन मालिक** - धन्नालाल पिता बालाराम
**बिना अनुमति** - 7.5 मीटर चौड़ी और 100 मीटर लंबी सीसी सड़क और 100 मीटर में बाउंड्रीवाल बना रखी थी, सबसे पीछे एक बड़ा प्लॉट काटकर बेच दिया था।

### दूसरी कार्रवाई : सीसी सड़क बना ली थी

**सर्वे नंबर** - 863/1, **रकबा** - 1.85 हेक्टेयर
**जमीन मालिक** - राधाबाई पति मनोहरलाल शर्मा, राकेश पिता मनोहरलाल, विशाल पिता मनोहरलाल
**बिना अनुमति** - 6 मीटर चौड़ी 500 मीटर लंबी सड़क बना दी, बिजली पोल लगा दिए। जांच जारी है।

### कब-कब हुई कार्रवाई

1. 2 अक्टूबर को हुई थी, इसमें ऊकाला रोड, बजरंग नगर, अर्जुननगर की चार जमीनों से बिना अनुमति किए अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाया था।
2. 11 नवंबर को कनेरी रोड पर हुई, इसमें सर्वे नंबर 872/2 में 2.75 हेक्टेयर में बनी कॉलोनियों में अवैधानिक रूप से बनाए कॉटेज, सीसी रोड को तोड़ा था।

### अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को नियमितिकरण का मौका दें- काश्यप

विधायक चेतन्य काश्यप ने शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की। तोड़फोड़ से पहले अवैध कालोनियों एवं निर्माण को कंपाउंडिंग और अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के नियमों के तहत नियमित करने की संभावना देखने की बात कही। शासन की मंशानुसार एक अवसर देने को भी कहा। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी और प्रापर्टी व्यवसायियों ने गुरुवार रात विधायक से मुलाकात कर इस बारे में पक्ष रखा था। विधायक काश्यप ने कलेक्टर से अवैध कॉलोनियों में भूखंड खरीदने वालों के हितों पर ध्यान देने को कहा। अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार रहे अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही को क[illegible]

भास्कर 13/11

दै. भास्कर
13/11/2021

# 25 नवंबर तक जर्जर रोड ठीक नहीं को रोक देंगे भुगतान

13-11-21

रतलाम. शहर में सीवरेज कार्य के दौरान जर्जर हुई 150 किमी से अधिक रोड को बेहतर करने के लिए 25 नवंबर तक का समय नगर निगम ने कार्य करने वाली ऐजेंसी को दिया है। अगर तब तक सभी रोड बेहतर नहीं होती है तो निगम भुगतान रोक देगा। बता दे शहर में सीवरेज निर्माण ऐजेंसी ने कई स्थान पर रोड की खुदाई की, लेकिन उसको अनुबंध के अनुसार बेहतर नहीं किया। इतना ही नहीं, राज्य से लेकर नगर निगम तक के अधिकारियों ने जो नोटिस देकर सुधार के लिए कहा उसका भी पालन नहीं किया गया। इतना ही नहीं, शहर में कई स्थान पर तो बाद में नगर निगम ने अपने व्यय से रखरखाव का कार्य किया। अब भी नगर निगम ही करीब 84 लाख रुपए का व्यय करके रोड का सुधार शहर में विभिन्न स्थान पर करने का कार्य जारी रखे हुए है।

नगर निगम ने अब सीवरेज निर्माण कार्य ऐजेंसी को नोटिस जारी किया है। 25 नवंबर तक जर्जर रोड पर सुधार की बात कही गई है। तब तक निर्माण ऐजेंसी पूरा कार्य नहीं करती है तो भुगतान रोकने की प्रकिया की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

ई-पत्रिका

13/11/2021

# मनुष्य जीवन में स्वच्छता एक आवश्यक गुण है

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत डोर टू डोर कचरा निपटान के तरीके समझाए गए

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

13-11-21

स्वच्छ जीवन के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वच्छता अपनाने से व्यक्ति रोग मुक्त रहता है और एक स्वस्थ शहर, प्रदेश और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत आयोजित विभिन्न जागरुकता गतिविधियों के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने शहर के एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर रांगोलियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश भी दिया। वहीं कई क्षेत्रों में डोर टू डोर लोगों से सम्पर्क कर उन्हें कचरे निपटान के सही तरीकों से अवगत कराया।

श्री झारिया ने कहा कि उन्होंने कहा कि स्वच्छता मानव समुदाय का एक आवश्यक गुण है। यह विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव के सरलतम उपायों में से एक है। यह सुखी जीवन की आधारशिला है। साफ-सुथरा रहना मनुष्य का प्राकृतिक गुण है। वह अपने घर व आसपास के क्षेत्रों को साफ रखना चाहता है। श्री झारिया ने कहा कि कुछ लोग अपने स्वभाव के विपरीत सफाई को कम महत्व देते हैं। जिसके कारण वहां के लोग संक्रामक बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। गंदगी से थल, जल और वायु की शुद्धता पर विपरीत असर पड़ता है।

उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया है कि घर और दुकानों से निकले कचरे का निपटान कचरा संग्रहण वाहन के अलग-अलग हिस्सों में ही करे। स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जागरुकता जरुरी है तभी हम अपने शहर को देश में स्वच्छता के मामले में नम्बर-1 बना पाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, झोन अधिकारी एपीसिंह,किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान सहित सफाई मित्र समू के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

प्रसारण 13/11/2021

फिर भी नालों में कायम है गंदगी

# 3 साल में 75 लाख से अधिक व्यय

पत्रिका सोशल प्राइड



रतलाम. नगर निगम ने शहर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत खुले बड़े नालों की सफाई पर तीन साल में तीस लाख से अधिक रुपए का व्यय किया, लेकिन इन नालो में अब भी गंदगी कायम है। बड़ी बात यह है कि रहवासी क्षेत्र से निकल रहे इन नालों के चलते इनमे मच्छर पनप रहे है। ऐसे में डेंगू का खतरा बढ़ रहा है।

नगर निगम के सालाना बजट में हर बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यो में बड़े व खुले नालों की सफाई कार्य के लिए बड़ा बजट रखा जाता है। इस बजट का व्यय मानसून के पूर्व नालों की सफाई पर होने वाले कार्य में विशेष गैंग से कार्य करवाने के लिए किया जाता है। इसके अलावा समय - समय पर विशेष अभियान के अंतर्गत सफाई करवाई जाती है। नालों की सफाई पर चार गैंग रखी गई। इन गैंग ने क्या व किस तरह का कार्य किया, इसको गंदगी से भरे हुए नाले खुद ही गवाही दे रहे है।

हमारे वार्ड नंबर 40 में सफाई कर्मचारी कचरा उठाने के बजाए सुबह सुबह जलाने का कार्य करते है। धुआं घर में आता है। नालियों की सफाई नही हो रही है। **- अशोक पिछोलिया**, रहवासी

बड़े नालों की सफाई का अभियान भी समय समय पर चलता है। अगर कही कमी है तो उसको ठीक करवाया जाएगा। आमजन से अपील है कि वे 7471144900 नंबर पर स्वच्छता अभियान के बारे में सूचना वाट्सएप करें। **- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

### कार्य का नाम

**भूमिगत नालियां**

कुल व्यय किया - वर्ष 2019 - 20 में 13.37 लाख रुपए, वर्ष 2020 - 21 में 14 लाख रुपए व 2021-22 में अब तक 9 लाख रुपए

**खुली नालियां**

कुल किया गया व्यय - वर्ष 2019 - 20 में 2.38 लाख रुपए, 2020 - 2021 में 25 लाख रुपए, 2021 - 2022 में अब तक 12 लाख रुपए

13-11-21

पत्रिका
13/11/2021

# मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है सड़कों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे रू विधायक चेतन्य काश्यप

## कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फेरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन



रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तुरबा नगर रोटरी गार्डन से सैलाना रोड़ फेरलेन तक बनने वाले सीसी रोड़ के कार्य का समारोहपूर्वक भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रतलाम में सीवरेज योजना की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। इन्हें फिर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने आश्वस्त किया है कि सड़क निर्माण के लिए रतलाम को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागाए पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहितए जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्यायए पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवालए मंडल अध्यक्ष आदित्य डागाए निलेश गांधीए करणधीर्य बड़गोत्या मंचासीन रहे। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रवास के दौरान फरवरी माह में शहर की सड़को के नव निर्माण हेतु 120 करोड़ की पंचवर्षीय योजना प्रस्तुत की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्रीजी ने सड़कों के कारण शहरवासियों को अधिक परेशानी ना उठाना पड़े इसलिए 2.3 वर्ष में ही पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूर्ण हो गया हैए इसका लाभ शहरवासियों को जल्द ही देखने को मिलेगा। सीवरेज लाईन के कारण नालियों में सिर्फ बारिश का पानी ही रहेगा और वर्ष भर वे सूखी रहेगी। इससे बीमारियां भी खत्म होगी। श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम को महानगर बनाने के प्रयास हो रहे हैं। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। श्री काश्यप ने शहरवासियों से आयुष्यमान भारत कार्ड एवं संबल कार्ड बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव के लिए सभी शहरवासियों से टीकाकरण पूर्ण कराने का आह्वान करते हुए कहा कि पहली लहर में टीका नहीं था तो दूसरी लहर आई। यदि अब टीकाकरण हो गया तो तीसरी लहर पर विजय प्राप्त हो जाएगी। भूमि पूजन समारोह में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव ने कहा कि हमे ऐसा नेतृत्व मिला है जो रतलाम को नगर से महानगर बनने की ओर ले जा रहा है। मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने कहा कि विधायक श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम के समग्र विकास की अवधारणा साकार हो रही है। पूर्व पार्षद पप्पु पुरोहित ने कहा कि श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम का समूचा विकास हुआ है। उनके वार्ड में कोई कार्य शेष नहीं रहा है। कार्यक्रम के आरंभ में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफशेख ने सड़क निर्माण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण के कार्य की लागत 46 लाख रुपए हैं। इसके करीब 17 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने इस मौके पर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के चौतरफा विकास के लिए विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार नारायण सांकला ने माना। कार्यक्रम में मनीषा शर्माए प्रहलाद पटेलए भगतसिंह भदोरियाए देवशंकर पाण्डेयए सुशील सिलावटए पवन सोमानीए प्रकाश बंशीवालए विनोद यादवए नितिन पांडेए विनोद आचार्यए जयेश वसावाए सुशील नागरए अभय जैनए संतोष तिवारीए बाबुलाल मालवीयए कमल गुप्ताए विवेक शर्माए जयश्री राठौरए मीना टांकए निगम इंजीनियर एमण्केण् जैनए हितेष पंडित सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीगण उपस्थित थे। 13-11-21

स्वतंत्र मेवाड़ 13/11/2021